

# ओबीसी कल्याण के सहायक संचालक की मुख्यमंत्री ने ठोकी पीठ

## सीएम हेल्पलाइन की सभी 20 शिकायतों का किया निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 अक्टूबर. सीएम हेल्पलाइन में सर्वश्रेष्ठ विभाग जिला और अधिकारी की उपलब्धि की समीक्षा के दौरान सतना जिले के अल्पसंख्यक एवं पिछडा वर्ग कल्याण विभाग कमलेश कुमार शुक्ला की सराहना की.**

श्री शुक्ला ने सीएमहेल्प लाइन की सभी 20 शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण ढंग से शत-प्रतिशत पाये जाने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना के सहायक संचालक पिछडा वर्ग कल्याण विभाग केके शुक्ला की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनायें दी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सतना कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, वनमण्डलाधिकारी मयंक चांदीवाल, अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## समीक्षा में मैहर के दो मामलों की हुई सुनवाई

मुख्यमंत्री ने मैहर जिले की कुमारी संजना पटेल की विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग से संबंधित समग्र से आधार लिंक नहीं होने की शिकायत जो भिण्ड जिले की संजना पटेल से संबंधित थी, दूसरी मैहर जिले के ही प्रवीण तिवारी द्वारा ग्राम पंचायत मढा की राशन दुकान के संबंध में की गई शिकायत के निराकरण के बारे में कलेक्टर मैहर रानी बाटड से जानकारी ली। मैहर के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, जनपद पंचायत सीईओ मैहर अशोक तिवारी, अमरपाटन वेदमणि मिश्रा तथा सहायक खाद्य अधिकारी मैहर और आवेदक उपस्थित रहे।



# अज्ञात युवती ने अस्पताल में दम तोड़ा

## उचेहरा में विक्षिप्त अवस्था में मिली थी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 23 अक्टूबर. जिले के उचेहरा क्षेत्र में पिछले दिनों विक्षिप्त अवस्था में मिली युवती ने जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस द्वारा मृतका की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों उचेहरा क्षेत्र में एक लड़की विक्षिप्त अवस्था में मिली थी. स्थानीय रहवासियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती की हालत को देखते हुए उपचार के लिए उचेहरा स्थित सामुदाकि स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां पर चिकित्सकों द्वारा जांच करने पर युवती की गंभीर सिीति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय सतना के लिए रेफर कर दिया. जहां पर उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा था. लेकिन वहां पर जारी रहे उपचार के बावजूद भी युवती की जान नहीं बचाई जा सकी. वहीं उचेहरा पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए युवती के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया.

लेकिन कोई भी यह नहीं बता सका कि युवती और थी और कहां से आई थी. लिहाजा पुलिस द्वारा मृतक युवती की पहचान करने के लिए थानों में जानकारी साझा करने के साथ ही सोशल मीडिया की मदद भी ली जा रही है.

# एसडीओपी के भाई पर हमला करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## बुधवार देर रात हुए विवाद के दौरान ढाबा संचालक और उसके साथियों ने दिया था घटना को अंजाम

**नवभारत न्यूज**

**सतना 23 अक्टूबर. बुधवार की रात ढाबे के सामने वाहन खड़ा करना एसडीओपी के भाई को उस वक्त मंहगा पड़ गया जब ढाबा संचालक और उसके साथियों ने डंडे से हमला कर दिया. इस हमले में एसडीओपी के भाई के सिर पर चार टांके लगे. वहीं पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई करते हुए ढाबा संचालक सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.**

शहडोज जिले के ब्योहारी वार्ड क्र. 8 के निवासी 36 वर्षीय रवि केशरी द्वारा सिविल लाइन थाने में शिकायत की गई थी. रघु ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात वे अपने परिवार के साथ अपनी कार में सवार होकर सतना से नागौद की ओर जा रहे थे. रात के लगभग साढ़े 11 बजे वे देवरा क्षेत्र में स्थित मामा ढाबा के पास उन्होंने अपना वाहन रोका और लघु शंका करने लगे. इसी दौरान ढागा संचालक रवि उर्फ पृथ्वीराज सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी सोहावल तरहटी वहां पहुंच गया और विवाद करने लगा. विवाद करते हुए ढाबा संचालक रवि ने कहा कि उसके ढाबे के सामने गाड़ी खड़ी करने और सही सलामत जाने के लिए 5 हजार रु



देने होंगे. इस बात पर आपत्ति जताए जाने पर ढाबा संचालक और उसके साथियों ने रवि केशरी पर हाथ और डंडे से हमला कर दिया. हमले के चलते रवि के सिर पर चोट आ गई और वे लहुलुहान हो गए. जिसके बाद किसी तरह घटना की सूचना पुलिस को देते हुए वे नागौद स्थित सिविल अस्पताल पहुंचे. जहां पर उनका उपचार किया गयया. उपचार के दौरान रवि के सिर पर 4 टांके लगाए गए. उपचार के बाद उनकी लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरु कर दी. सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस द्वारा उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए ढाबा संचालक रवि सिंह सहित लकी उर्फ पुष्पराज सिंह निवासी देवरा, बालेंद्र अहिरवार निवासी उजरौधा कोठी और सुनील प्रजापति निवासी सिरसी कौशांबी उप्र को गिरफ्तार कर लिया.

### विवाद करने से रोका...

वहीं ढाबा संचालक और उसके साथियों के परिजनों का उक्त घटना को लेकर दूसरी ही बात की जा रही है. बताया गया कि रवि अपने परिवार के साथ वाहन में मौजूद थे. उनका अपनी पत्नी के साथ कुछ विवाद हो रहा था. ढाबे के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज में यह देखने के बाद ढाबा संचालक वाहन के पास पहुंचा और उन्हें विवाद न करने व ढाबे के सामने से चले जाने के लिए कहा. लेकिन इस बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया. इसी दौरान आवेश में आकर रवि द्वारा ढाबा संचालक को एक थप्पड़ मार दिया गया. जिसके चलते विवाद मारपीट में बदल गया. पुलिस द्वारा डीवीआर जब्त कर लिया गया है और जांच की बात कही जा रही है. गौरतलब है कि इस मामले में फरियादी रवि केशरी के भाई रघु केशरी बतौर एसडीओपी नागौद में पदस्थ हैं.

# युवक की मौत को लेकर सामने आए गंभीर आरोप

## परिजनों ने कहा उपचार में लापरवाही बरती, नहीं मिली एंबुलेंस

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 अक्टूबर. जिले के नागौद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार-गुरुवार की रात एक युवक की मौत हो गई।**

परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि युवक को सतना रेफर किया गया था, लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे ले जाया नहीं जा सका। मृतक की पहचान कतकोन निवासी बहादुर चर्मकार (पिता रामकुमार चर्मकार) के रूप में हुई है। उसे रात करीब 3 बजे



तबीयत बिगड़ने पर नागौद अस्पताल लाया गया था। परिजनों के अनुसार, ड्यूटी डॉक्टर ने समय रहते इलाज शुरू नहीं किया और जांच में भी लापरवाही बरती। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आवश्यक दवाएं नहीं दी गईं, जिसके कारण बहादुर की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। बीएमओ के अनुसार, जो दवाएं अस्पताल में उपलब्ध थीं, उनके अनुसार इलाज किया गया था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### उपलब्ध नहीं थी एंबुलेंस

इस संबंध में बीएमओ डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि मरीज को सतना रेफर किया गया था, लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि परिजन भी निजी वाहन से मरीज को ले जाने को तैयार नहीं हुए, जिससे उसकी मौत हो गई।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा लूट का फरार आरोपी

## पिछले डेढ़ महीने से तलाश रही थी पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सतना 23 अक्टूबर. पन्ना रोड पर लोटस सिटी के निकट डेढ़ महीने पहले एक व्यापारी को कट्टा दिखाकर मारपीट करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया गया था. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.**

सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदला छतरपुर निवासी व्यापारी शिव कुमार गुप्ता पशु आहार और चोकर जैसी समग्री खरीदने के लिए सतना आए थे. लगभग 30 क्विंटल सामान खरीदने के बाद वे उसे पिकअप में लोड कराकर 1 सितंबर को वापस जा रहे थे. लेकिन पन्ना रोड पर लोटस सिटी के निकट वाहन खराब हो गया. जिसके चलते वाहन को किनारे खड़ा कर वे उसी में सो गए. देर रात आधा दर्जन युवक अचानक वहां धमक पड़े. जिसमें से एक युवक ने कट्टा दिखाकर भयभीत करते हुए मारपीट शुरु कर दी. इसी दौरान शिव कुमार के पास मौजूद मोबाइल, जेब में रखी 1 हजार की नकदी निकाल ली गई. इतना ही नहीं आरोपियों ने डराते हुए शिवकुमार के मोबाइल से 5 हजार 620 रु का यूपीआई ट्रांजैक्शन भी करा लिया. इस मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा अगले ही दिन 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था. लेकिन मुख्य आरोपी रोहित तिवारी उर्फ भईया उम्र 24 वर्ष निवासी सितपुरा घटना के बाद से ही फरार चल रहा था. पुलिस द्वारा की जा रही तलाश के दौरान बुधवार को सटीक सूचना मिली. जिसके चलते रोहित को दबोच लिया गया. पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल बरामद किया गया है.

# कार में मिली 144 लीटर अवैध शराब

**नवभारत न्यूज**

**सतना 23 अक्टूबर. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने जब घेराबंदी की तो कार चालक वाहन छोड़ कर भाग निकला. पुलिस द्वारा की जांच में कार में 144 लीटर अवैध शराब बरामद की गई. जिसके चलते घटना ममें संलिप्त तस्करों की तलाश की जा रही है.**

मैहर जिले के रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी शुरु कर दी. इसी दौरान जिगना से रामनगर की ओर आ रही ब्रेजा कार नजर आ गई. लेकिन जैसे ही पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया वैसे ही च ालक वाहन सहित भागने लगा. जिसे देखते हुए पुलिस टीम ने कार का पीछा करना शुरु किया. कार चालक मुचख मार्ग से भिटारी कोलान बस्ती की छोटी गलियों की मुड़ गया. जैसे ही पुलिस टीम पीछे पहुंची वैसे ही कार चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला. वहीं पुलिस द्वारा जब कार की जांच की गई तो बीच वाली सीट पर 4 कार्टन शराब रखी पाई गई. वहीं कार की डिग्गी ममें 12 कार्टून शराब मिली. पुलिस द्वारा कार में मौजूद कुल 144 लीटर अवैध शराब जब्त कर ली गई जिसकी कीमत 65 हजार 300 रु आंकी गई. पुलिस द्वारा शराब तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# चंद्राश्रय वृद्धाश्रम में सेवा की ज्योति से जगमगाया दीपोत्सव का पर्व

## न्यायाधीशों की उपस्थिति में पीड़ितों की सेवा बने दीप और उससे प्रज्वलित हुआ मानवता का प्रकाश

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 अक्टूबर. दीपावली के पावन अवसर पर डॉ. ललता प्रसाद खरे पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित चंद्राश्रय वृद्धाश्रम, सतना में हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ दीपोत्सव पर्व मनाया गया।**

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान एवं वरिष्ठ सिविल जज श्रीमती रिज़वाना कौसर ने सपरिवार वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत असहाय वरिष्ठजनों के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम चंद्राश्रय के मैनेजिंग ट्रस्टी मोतीलाल गोयल के मार्गदर्शन में,



उनके सुपुत्र सनी गोयल एवं ट्रस्टी सेवानिवृत्त डीएसपी बी.डी. त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने वरिष्ठजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक मिठाइयाँ वितरित कीं। इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी सम्माननीय ट्रस्टी सदस्यों के कुशल निर्देशन में प्रभारी प्रबंधक दीपक शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, रामनिवास, छोटू रजक, अनसुइया केवट एवं अन्य सहयोगी सदस्यों द्वारा किए जा रहे सेवाभाव एवं समर्पण की सराहना की गई ।कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित श्रीमती इन्दु श्रीवास्तव को श्री गोयल एवं श्री त्रिपाठी द्वारा न्यायाधीशों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। उन्होंने वृद्धाश्रम परिसर में अपनी ओर से एक कक्ष का निर्माण कर उसमें जीवनपर्यंत निवास कर सेवा करने और तत्पश्चात उसे पब्लिक ट्रस्ट को समर्पित करने का संकल्प लिया है।

सभी उपस्थितजनों ने चंद्राश्रय वृद्धाश्रम में संचालित सच्ची और आत्मीय सेवा गतिविधियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे मानवता, सेवा और संस्कार का प्रेरणास्रोत बताया।

### एक नजर में



#### दीपावली मिलन में विधायक का सम्मान

**सतना,** । दीपावली मिलन समारोह के अंतर्गत बुधवार को चौक बाजार में सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू भैया का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरि प्रसाद अग्रवाल रहे. इस दौरान मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल ने विधायक श्री कुशवाहा को शाल, श्रीफल एवं मिष्ठान भेंट कर व्यापारियों एवं समाज की ओर से सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक जी ने दीपावली की बधाई देते हुए नगर वासियों के कल्याण एवं उन्नति की कामना की।

#### दीया सजावट एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

सतना । महर्षि विद्या मंदिर, बगहा (सतना) में दीया सजावट एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने दीया सजावट प्रतियोगिता में भाग लिया। द्वितीय चरण में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए रंग-बिरंगी और मनमोहक रंगोलियाँ बनाईं। महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य उपवन कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सहभागिता की सराहना की ।






#### अनुभूति फाउंडेशन ने मातृछाया में मनाई दिवाली

**सतना** । दीपों के पर्व को इस बार अनुभूति फाउंडेशन ने कुछ खास बना दिया। सेवा भारती संचालित मातृछाया उतेली में रह रहे नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच पहुंचकर अनुभूति फाउंडेशन के सदस्यों ने प्रेम, स्नेह और अपनापन बाँटा। संस्था के सचिव पीयूष गुप्ता ने बताया कि यह सेवा कार्य अनुभूति फाउंडेशन द्वारा पिछले सात वर्षों से निरंतर रूप से किया जा रहा है ।कार्यक्रम के दौरान प्रदीप सक्सेना ने सेवा भारती मातृछाया की कार्यप्रणाली और उसके सामाजिक योगदान की विस्तृत जानकारी दी।

# अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की तीन दिवसीय बैठक जबलपुर में

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक इस संघ शताब्दी वर्ष में मध्य प्रदेश के महाकौशल प्रांत में, जबलपुर शहर में आगामी युगाब्द 5127, विक्रमी संवत 2082, कार्तिक शुक्ल अष्टमी, नवमी एवं दशमी अर्थात दिनांक 30-31 अक्टूबर एवं 1 नवम्बर को होने जा रही है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल में संघ रचना के सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक अपेक्षित रहते हैं। इस बैठक में संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी छह सह सरकार्यवाह एवं अन्य अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुखों सहित कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे ।संघ के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ हाल ही में संपन्न विजयादशमी के पावन पर्व पर नागपुर सहित देश भर में आयोजित विशेष उत्सवों से हुआ है। इस अवसर पर सरसंघचालक जी के उद्बोधन में प्रस्तुत महत्वपूर्ण मुद्दों के अनुवर्तन पर इस बैठक में चर्चा होगी। बैठक में शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रमों की अभी तक तैयारियों की समीक्षा भी होगी। बैठक में सभी प्रांत अपनी शताब्दी योजनाओं के संदर्भ में विस्तृत वृत्त एवं विवरण प्रस्तुत करेंगे। वर्तमान समय के समसामयिक विषयों पर उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक विचार-विमर्श भी बैठक का महत्वपूर्ण हिस्सा रहेगा।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव एक नवम्बर को कन्या महाविद्यालय सतना में

**सतना 23 अक्टूबर.** युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देश के पालन में 1 नवम्बर 2025 को प्रात: 9.30 बजे से शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना में जिला स्तरीय युवा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।



# चेम्बर का दीपावली एवं दूज मुहूर्त पूजन आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 अक्टूबर. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर सायं 4 बजे चेम्बर भवन सतना में दीपावली एवं दूज मूहूर्त पूजन सम्पन्न हुआ।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि दीपावली एवं दूज मूहूर्त का विधिवत पूजन पंडित जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। तत्पश्चात सभी उपस्थित जनों द्वारा दीप जलाये गये एवं सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर चेम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सोनी, अनिल मोटवानी, रोहित अग्रवाल लोहा, अमित कुमार भावनानी, विकास सुखेजा, पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता, प्लाईवुड एण्ड हार्डवेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष राजकुमार रिझवानी, जनरल मर्चेन्ट एसोसिएशन के मंत्री गुरमुख पंजवानी, श्रीलाल बहादुर शास्त्री व्यापारी संघ के अध्यक्ष योगेन्द्र अग्रवाल, एवं महामंत्री ओमप्रकाश केशरवानी, सी.ए करन चैरसिया, गोपाल डांगी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# चित्रांशों ने किया सामूहिक कलम-दवात और श्री चित्रगुप्त पूजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 अक्टूबर. यम द्वितीया के पावन अवसर पर कायस्थ समाज के तत्वावधान में 23 अक्टूबर को जगतदेव तालाब स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर में सुबह 11 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त जी के समक्ष कलम-दवात का सामूहिक पूजन किया गया।**

श्री चित्रगुप्त भगवान का अभिषेक, सामूहिक हवन, महा आरती कार्यक्रम आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

उल्लेखनीय है कि पौराणिक कथा के



अनुसार एक ब्रह्माजी समाधिस्थ हुए, एक दिव्य पुरुष हाथ में कलम-दवात लिए हुए ब्रह्माजी की काया से प्रकट हुए, उस दिव्य पुरूष का नाम ब्रह्माजी ने चित्रगुप्त रखा। उन्हें चौरासी लाख योनियों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा रखने का कार्य सौंपा। यही वजह है कि आज सम्पूर्ण विश्व में अपनी लेखनी से प्रसिद्ध अतुलनीय बुद्धि, कौशल के धनी कायस्थ समाज माना जाता है।